NBT PAGE 4

एलयू : बीयूएमएस और बीएएमस की परीक्षा की तारीखें जारी

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी से सोमवार को आयुर्वेद संकाय और यूनानी संकाय के लिए परीक्षा की तारीख घोषित कर दी है। आयुर्वेद संकाय की परीक्षाएं 1 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक चलेंगी। जबकि बीयूएमएस फाइनल प्रफेशनल बैच 2016 की परीक्षाएं 1 से 21 अक्टूबर तक चलेंगी। वहीं, बीयूएमएस फर्स्ट प्रफेशनल, सेकंड प्रफेशनल और थर्ड प्रफेशनल की बैक परीक्षाएं 4 से 20 अक्टूबर, 1 से 13 अक्टूबर और 4 से 22 अक्टूबर तक चलेंगी। परीक्षाएं दो पालियों में एलयू ओल्ड कैंपस में होंगी।



10 विदेशी छात्रों को मिली डिग्री

लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने सोमवार को दस विदेशी छात्रों को डिग्री, मार्कशीट और दूसरे दस्तावेज देकर उनको विदा किया। इनमें एमबीए, एमजेएमसी, एमए पॉलिटिकल साइंस और एमए इंग्लिश आखिरी सेमेस्टर-वर्ष के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

'महिला महत्ता को स्वीकार करना जरूरी'

एलयू के भू-विज्ञान विभाग में सोमवार को मिशन शक्ति के तहत लैंगिक समानता और महिला चेतना के प्रति जागरूकता विषय पर वेबिनार हुआ। इसमें मुख्य वक्ता प्रो. मधुरिमा प्रधान ने कहा की समाज के सर्वांगीण विकास के लिए महिला महत्ता को स्वीकार करना होगा। जरूरत पड़ने पर पुरुष और महिला को अपने कामों और जिम्मेदारियों की अदला बदली करने और आपसी सहयोग से घर और समाज दोनों मे खुशहाली लानी होगी। डॉ.रजनी पंचांग और प्रो. कमल किशोर अग्रवाल ने भी विचार रखे। इस मौके पर डॉ. पूर्णिमा श्रीवास्तव, प्रो. अजय मिश्रा मौजूद रहे।

271 अभ्यर्थियों ने दी फार्माकॉलजी की प्रवेश परीक्षा

लखनऊ यूनिवर्सिटी में सोमवार को डिप्लोमा इन फार्मोकॉलजी और संस्कृत में पीएचडी पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा हुई। परीक्षा में डी फार्मा के पाठ्यक्रम के लिए 271 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं, 90 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। संस्कृत में पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 51 अभ्यर्थी शामिल हुए। 16 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

लविवि : दूसरे वर्ष में वोकेशनल कोर्स पढ़ेंगे विद्यार्थी

विवि ने लखनऊ व हरदोई के कॉलेजों को मेजर-माइनर कोर्स के बारे में दी जानकारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय नए सत्र से नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) के अनुसार स्नातक स्तर पर चार वर्षीय पाठ्यक्रम को प्रभावी बनाने जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विवि प्रशासन ने लखनऊ व हरदोई के सहयुक्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक कर प्रवेश में विषय आवंटन के संदर्भ में जानकारी दी। प्रवेश सेल ने कार्यशाला में एनईपी-2020 के तहत मेजर और माइनर विषय आवंटन के बारे में जानकारी दी। कॉलेजों को बताया गया कि पहले साल विद्यार्थी दो मेजर कोर सब्जेक्ट लेंगे। इसके साथ एक माइनर व एक इलेक्टिव कोर्स पढ़ेंगे। दो कोर सब्जेक्ट 16 क्रेडिट, एक माइनर 04 क्रेडिट व को-कैरिकुलर एक्टिविटी 04 क्रेडिट का होगा। इस तरह हर साल 24 क्रेडिट का होगा। विद्यार्थियों को माइनर सब्जेक्ट के रूप में दूसरे वर्ष वोकेशनल कोर्सों का विकल्प दिया जाएगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि इसी तरह आगे चलकर विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट भी करने होंगे। विद्यार्थी को हर साल के बाद एग्जिट का अवसर दिया जाएगा। साथ ही उनके क्रेडिट बैंक में उनकी क्रेडिट जोड़ी जाएगी।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

75% छात्रों ने दी डीफार्मा प्रवेश परीक्षा

लविवि : संस्कृत की पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 16 छात्र रहे अनुपस्थित

माई सिटी रिपोर्टर

अमर उजाला मिशन एडमिशन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को डिप्लोमा इन फार्मेसी (डीफार्मा) व संस्कृत की पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। डीफार्मा की प्रवेश परीक्षा में 75 फीसदी विद्यार्थी शामिल हुए। यह विवि की आखिरी स्नातक कोर्स की प्रवेश परीक्षा थी। विवि द्वारा इस सत्र 2021-22 से पहली बार डीफार्मा का कोर्स शुरू करने जा रहा है। इसमें 60 सीटें प्रस्तावित की गई हैं। पहले साल ही इसमें प्रवेश के लिए काफी अच्छी प्रतिस्पर्धा है। 60 सीटों के सापेक्ष 361 आवेदन आए थे। प्रवेश परीक्षा में 271 विद्यार्थी शामिल हुए जबकि 90 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। यानी प्रवेश परीक्षा में 75 फीसदी उपस्थिति रही है। वहीं, संस्कृत की पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 51 विद्यार्थी शामिल हुए और 16 अनुपस्थित थे।

पीजी में 24 तक करें आवेदन

श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज में एलएलबी, एमकॉम, एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स, एमए अंग्रेजी, एमए समाजशास्त्र, एमए अर्थशास्त्र में प्रवेश आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 24 सितंबर निर्धारित की गई है। प्राचार्य डॉ. मीता साह ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में रजिस्ट्रेशन करवा लिया है वे निर्धारित तिथि तक अपने यूजी के नंबर अपलोड कर लें। इसकी प्रवेश की पहली मेरिट 25 सितंबर को जारी होगी और काउंसिलिंग 27 सितंबर से होगी। उन्होंने बताया कि एमएससी रसायन विज्ञान, एमएससी भौतिक विज्ञान, एमएससी वनस्पति विज्ञान में पहले मेरिट 21 सितंबर को जारी होगी और काउंसिलिंग 23 व 24 सितंबर को होगी। वहीं, बीएससी बायो, मैथ्स, कंप्यूटर साइंस, बीकॉम ऑनर्स की तीसरी मेरिट सोमवार को जारी कर दी गई। इसकी काउंसिलिंग 21 सितंबर को होगी।

बीए प्रवेश काउंसिलिंग आज से

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में बीए की पहली मेरिट की प्रवेश काउंसिलिंग 21 सितंबर से शुरू हो रही है। प्रवेश प्रभारी डॉ. विपिन पांडेय के अनुसार सामान्य वर्ग की काउंसिलिंग 21 से 25 सितंबर तक, ओबीसी की 27 से 29 सितंबर तक, एससी-एसटी के अभ्यर्थियों की 30 सितंबर से 01 अक्तूबर तक होगी। अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेज के साथ एमिनिटी ब्लॉक में कमरा नंबर 014 में उपस्थित हो। वहीं, एमए इतिहास में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को 21 से 23 सितंबर तक अपने यूजी के नंबर अपलोड करने का मौका दिया गया है। एमएससी केमिस्ट्री के पहली मेरिट के अभ्यर्थियों को 22 सितंबर को सुबह 10 बजे प्रवेश के लिए उपस्थित होने को कहा गया है।

आयुर्वेद की परीक्षाएं एक अक्तूबर से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त कॉलेजों की आयुर्वेद की परीक्षाएं एक अक्तूबर से शुरू हो रही हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि परीक्षा 22 अक्तूबर तक पुराने कैंपस में सुबह 09 से 12 बजे तक आयोजित होगी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसी प्रकार यूनानी कोर्स की सत्र 2020-2 की बैक पेपर की परीक्षाएं भी एक से 21 अक्तूबर तक आयोजित की जाएंगी। पहले प्रोफेशनल के बैक की परीक्षा 4 से 20 अक्तूबर, दूसरे प्रोफेशनल के बैक की परीक्षा 01 से 13 अक्तूबर तक, तीसरे प्रोफेशनल की बैक की परीक्षा 4 से 22 अक्तूबर तक व फाइनल प्रोफेशनल 2016 बैच की परीक्षा 01 से 21 अक्तूबर तक आयोजित की जाएगी।

विदेशी छात्रों को मिली डिग्री

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को अंतिम वर्ष के विदेशी विद्यार्थियों को डिग्री व मार्क्सशीट आदि का वितरण किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विदेशी विद्यार्थियों से मुलाकात कर विश्वविद्यालय में उनके तीन साल के अनुभव जाने और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि अफगानिस्तान के सैफुल्लाह रहीमी ने एमबीए, अफगानिस्तान की हंगामा कोहिस्तानी ने एमजेएमसी, जिम्बाब्वे के इनोमुशा ने एमए राजनीति विज्ञान, लेशोथो के पोंटशो केन, इंडोनेशिया के आयु एंद्रियान, सिंता नोविया व रिजकी अदेलिश पुत्री ने एमए इंग्लिश, तजाकिस्तान की ओमिना सिद्दीकोवा ने एमए राजनीति विज्ञान, मोरोको के जमाई हजार व नेपाल की कविता कुमारी शाह ने एमबीए कोर्स पूरा किया है, जिन्हें आज उनका कोर्स पूरा होने पर डिग्री प्रदान की गई। अब वे डिग्री लेकर अपने देश वापस जा सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 7

बीए-बीएससी में कॉलेजों की सीटें तय

नई शिक्षा नीति

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

एलयू ने 2021-22 से ही स्नातक स्तर पर नई शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) लागू करने का फैसला कर दिया था लेकिन महाविद्यालयों को एनईपी के तहत सीट आवंटन या दाखिले की प्रकिया से अवगत नहीं कराया था। सोमवार को इस दिशा में कदम उठाते हुए एलयू ने लखनऊ और हरदोई के महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक कर एनईपी 2020 लागू करने के सम्बंध में चर्चा की। सीटों की आवंटन प्रक्रिया भी समझाई।

कोर्स में मेजर और माइनर विषय के चयन और ग्रेड के बारे में भी बताया। हालांकि एनईपी पॉलिसी के तहत बीए और बीएससी में सीट आवंटन की प्रक्रिया बता दी लेकिन बी.कॉम व अन्य प्रोफेशनल कोर्स में सीट और विषय आवंटन पर कोई निर्णय नहीं हुआ।

बैठक में बताया गया कि बीए और बीएससी पाठ्यक्रम कुल 24 ग्रेड के होंगे। इसमें छात्र को दो मेजर और एक माइनर विषय का चयन करना होगा। प्रत्येक मेजर विषय मे दो-दो पेपर होंगे और प्रत्येक पेपर के लिए चार ग्रेड निर्धारित हैं। वही माइनर विषय अभ्यर्थी को सिर्फ पहले और दूसरे वर्ष में पढ़ना होगा। माइनर विषय तीसरे वर्ष में छोड़ना होगा। इसमें एक पेपर पढ़ाया जाएगा जो चार ग्रेड का होगा। स्नातक के छात्र को एक कैरिकुलर और वोकेशनल विषय पढ़ना होगा। जिसका एक पेपर होगा और चार ग्रेड मिलेंगे।

एक सप्ताह में बनेगी अन्य विषयों की सूची

एनईपी 2020 के तहत स्नातक छात्रों को वोकेशनल विषय की पढ़ाई भी करनी होगी। बैठक में प्राचार्यों से कहा गया कि एक सप्ताह के अन्दर वोकेशनल विषयों की सूची तैयार कर महाविद्यालयों को दे दी जाएगी। जिसके तहत छात्र-छात्राएं वोकेशनल विषयों का चयन कर सकेंगे। एनईपी से जुड़ी गाइडलाइन भी महाविद्यालयों को सप्ताह भर में दी जाएगी।

एक अक्तूबर से यूनानी और आयुर्वेद की परीक्षा

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के यूनानी संकाय द्वारा संचालित बीयूएमएस 2020 एवं आयुर्वेद संकाय की ओर से बीएएमएस पाठ्यक्रम का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

बीयूएमएस प्रथम प्रोफेशन की बैक परीक्षा चार अक्तूबर से 20 अक्तूबर तक, बीयूएमएस द्वितीय प्रोफेशनल बैक परीक्षा 1 से 13 अक्तूबर, बीयूएमएस तृतीय प्रोफेशन बैक परीक्षा चार से 22 अक्तूबर एवं बीयूएमएस फाइनल प्रोफेशनल की (2016 बैच) परीक्षा 1 से 21 अक्तूबर तक दोपहर दो से पांच बजे की पाली में होगी। सभी परीक्षाएं पुराने परिसर में होंगी।

बता दें कि इसके साथ ही आयुर्वेद संकाय की प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रोफेशनल एवं फाइनल प्रोफेशनल 2021 की परीक्षाएं एक अक्तूबर से 22 अक्तूबर तक सुबह 9 से 12 की पाली में होंगी।

जानकारी के अनुसार एमडी आयुर्वेद अंतिम वर्ष की परीक्षा नौ अक्तूबर से 22 अक्तूबर तक सुबह की पाली में होगी।

एलयू से विदेशी छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पूरी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले दस विदेशी छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पूरी होने पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रपत्र सौंपे। अब इन छात्रों की पढ़ाई पूरी हो चुकी है और वे अपने देश वापस जा सकते हैं। प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अफगानिस्तान के छात्रों की पढ़ाई पूरी हो गई है लेकिन उनके वापस जाने पर फैसला नहीं हुआ है।

322 ने दी प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। एलयू में सोमवार को डिप्लोमा इन फार्मोकोलॉजी और संस्कृत में पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा में डी फार्मा के लिए 271 अभ्यर्थी उपस्थित और 90 अनुपस्थित रहे। संस्कृत पीएचडी पाठ्यक्रम में 51 अभ्यर्थी उपस्थित और 16 अनुपस्थित रहे।

i-NEXT PAGE 4 & 7

बीए में सीट आवंटन तय, बीकॉम का बढ़ा इंतजार

वोजुएशन में एनईपी लागू करने पर प्राचार्यों के साथ एलयू में बैठक

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (20 Sept): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सत्र 2021-22 से ही स्नातक स्तर पर नई शिक्षा नीति 2020 लागू करने का फैसला कर दिया था, लेकिन डिग्री कॉलेज में एनईपी के तहत सीट आवंटन कैसे होगा, कितने ग्रेड के कोर्स होंगे होंगे एवं अन्य प्रक्रिया कैसे संचालित होगी इसके लिए यूनिवर्सिटी की ओर से कोई समिति नहीं बनायी गई थी, न ही डिग्री कॉलेजों के प्राचार्यों को एनईपी के तहत एडमिशन प्रक्रिया से अवगत कराया था. एलयू ने सोमवार को लखनऊ और हरदोई के डिग्री कॉलेजों के प्राचार्यों संग बैठक कर एनईपी लागू करने के पर चर्चा की.

नहीं हो सका निर्णय

हालांकि एनईपी पॉलिसी के तहत बीए और बीएससी में सीट आवंटन की प्रक्रिया बता दी गई लेकिन बीकॉम व अन्य प्रोफेशनल कोर्स में सीट और विषय आवंटन पर निर्णय नहीं हो सका. प्राचार्यों को बताया गया है कि जल्द ही योजना तैयार कर बीकॉम व अन्य पाठ्यक्रम के विषय का निर्धारण किया जाएगा. बैठक में बताया गया कि बीए और बीएससी कोर्स 24 ग्रेड के होंगे. इसमें छात्र को दो मेजर और एक माइनर विषय का चयन करना होगा. प्रत्येक मेजर विषय मे दो-दो पेपर होंगे और हर पेपर के लिए चार ग्रेड हैं. वहीं माइनर विषय स्टूडेंट्स को सिर्फ पहले और दूसरे वर्ष में पढ़ना होगा. माइनर विषय तीसरे वर्ष में छोड़ना होगा, इसमें एक पेपर पढ़ाया जाएगा जो चार ग्रेड का होगा. इसके अलावा ग्रेजुएशन के छात्र को एक कैरिकुलर और वोकेशनल विषय पढ़ना होगा.

एक हफ्ते में बनेगी विषयों की सूची

एनईपी 2020 के तहत ग्रेजुएशन स्टूडेंट्स को वोकेशनल विषय की पढ़ाई भी करनी होगी. बैठक में प्राचार्यों से कहा गया है कि एक सप्ताह के अंदर वोकेशनल विषयों की सूची तैयार कर डिग्री कॉलेजों को दे दी जाएगी. जिसके तहत स्टूडेंट्स वोकेशनल विषयों का चयन कर सकेंगे. साथ ही एनईपी से जुड़ी गाइडलाइन भी डिग्री कॉलेजों को सप्ताह भर में दी जाएगी.

बीएडः आज से कर सकेंगे च्वाइस फिलिंग

काउंसिलिंग के लिए 23 तक होगा पंजीकरण

अभ्यर्थियों को 25 सितंबर को होगा सीट आवंटन

LUCKNOW (20 Sept): लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से चल रही संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 के पहले चरण की काउंसिलिंग के के लिए अभ्यर्थी 23 सितंबर तक पंजीकरण कर सकेंगे. च्वाइस फिलिंग मंगलवार से 24 सितंबर तक की जा सकेगी. 25 सितंबर को सीट आवंटन होगा. 26 से 29 सितंबर तक सीट कंफर्मेशन के साथ फीस जमा करनी होगी.

22 अक्टूबर से होगी पूल काउंसिलिंग

बीएड की चार चरणों की काउंसिलिंग के बाद खाली सीटों को भरने के लिए पूल काउंसिलिंग कराई जाएगी. इसके लिए पंजीकरण और च्वाइस फिलिंग 22 से 25 अक्टूबर तक होगी. 26 अक्टूबर को सिर्फ च्वाइस फिलिंग और 27 अक्टूबर को सीट आवंटन किया जाएगा. 28 से 30 अक्टूबर तक आवंटन लेटर डाउनलोड किए जा सके.

CONCEPT PIC

बीएड की चार चरणों की काउंसिलिंग के बाद खाली सीटों को भरने के लिए पूल काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा.

17 से जारी है काउंसिलिंग

बीएड काउंसिलिंग 17 सितंबर से जारी है. पहले चरण की काउंसिलिंग में एक से 75,000 रैंक तक के अभ्यर्थी शामिल होंगे. संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता वाजपेयी ने बताया कि काउंसिलिंग चार चरणों में कराई जाएगी. पंजीकरण शुल्क 750 रुपये है.

नई शिक्षा नीति में यूजी कोर्सों में एक पेपर होगा ऑप्शनल

लखनऊ। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक स्तर के कोर्सों में पांच पेपर होंगे। जबकि छठां पेपर ऑप्शनल होगा। यह ऑप्शनल पेपर विवि स्तर पर निर्धारित किये जायेंगे। इसमें कालेजों को भी अपने स्तर से जरूरत के अनुसार पेपर शामिल करने की स्वायत्तता मिलेगी। सोमवार को विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबंधित 2 जिलों लखनऊ एवं हरदोई के महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रवेश में विषय आवंटन के संदर्भ में बैठक की गई। बैठक में प्रवेश सेल के सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विषय आवंटन मेजर और माइनर के तहत कैसे होगा इस विषय पर महाविद्यालयों की सभी आशंकाओं का निराकरण किया गया और पीपीटी के माध्यम से विभिन्न उदाहरणों द्वारा यह बताया गया कि कैसे विषयों को मेजर और माइनर में आवंटन किया जाएगा।

डिप्लोमा कोर्स की प्रवेश परीक्षा में 116 अनुपस्थित

लखनऊ। लविवि में आज डिप्लोमा इन फार्मोकोलॉजी और संस्कृत में पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। उक्त परीक्षा में डी फार्मा के पाठ्यक्रम के लिए 271 अभ्यर्थी उपस्थित थे और 90 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं संस्कृत में पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 51 अभ्यर्थी उपस्थित थे और 16 अनुपस्थित पाए गए।

यूनानी संकाय की बीयूएमएस, बीएएमएस का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफसे सोमवार को यूनानी संकाय द्वारा संचालित बीयूएमएस 2020 एवं आयुर्वेद संकाय की ओर से बीएएमएस पाठ्यक्रम का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। बीयूएमएस प्रथम प्रोफेशन की बैक परीक्षा चार अक्तूबर से 20 अक्तूबर तक, बीयूएमएस द्वितीय प्रोफेशनल बैक परीक्षा 1 से 13 अक्तूबर, बीयूएमएस तृतीय प्रोफेशन बैक परीक्षा चार से 22 अक्तूबर एवं बीयूएमएस फाइनल प्रोफेशनल की 2016 बैच परीक्षा 1 से 21 अक्तूबर तक दोपहर दो से पांच बजे की पाली में होगी। सभी परीक्षाएं पुराने परिसर में होंगी। इसके साथ ही आयुर्वेद संकाय की प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रोफेशनल एवं फाइनल प्रोफेशनल 2021 की परीक्षाएं एक अक्तूबर से 22 अक्तूबर तक सुबह 9 से 12 की पाली में होंगी। एमडी आयुर्वेद अंतिम वर्ष की परीक्षा नौ अक्तूबर से 22 अक्तूबर तक सुबह की पाली में होगी।

प्राचार्यों से की स्नातक में एनईपी लागू करने पर चर्चा

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को लखनऊ और हरदोई के महाविद्यालयों के प्रचार्यों के साथ बैठक कर नई शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 लागू करने के संबंध में चर्चा की गयी, साथ ही सीटों के आवंटन की प्रक्रिया को समझाया गया। ज्ञात हो लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2021-22 से स्नातक स्तर पर नई शिक्षा नीति-2020 लागू करने का फैसला कर लिया था, लेकिन महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति के तहत सीटों का आवंटन कैसे होगा, कितने ग्रेड के कोर्स होंगे तथा अन्य प्रक्रिया कैसे संचालित होगी, इसके लिए विवि की ओर से कोई समिति नहीं बनायी गयी थी। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को भी नई शिक्षा नीति के तहत दाखिला प्रक्रिया से अवगत कराया गया था। बैठक में प्रवेश सेल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

फार्मोकोलॉजी और संस्कृत में पीएचडी प्रवेश परीक्षा : लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को विश्वविद्यालय के डिप्लोमा इन फार्मोकोलॉजी और संस्कृत में पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। उक्त परीक्षा में डी फार्मा के पाठ्यक्रम के लिए 271 अभ्यर्थी उपस्थित थे और 90 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार संस्कृत में पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 51 अभ्यर्थी उपस्थित थे और 16 अनुपस्थित रहे।

लविवि के दस विदेशी विद्यार्थियों की पढ़ाई पूरी : लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले दस विदेशी विद्यार्थियों की पढ़ाई पूरी हो गयी है। सोमवार को लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पढ़ाई पूरी करने वाले विदेशी विद्यार्थियों को सभी प्रपत्र सौंपे। पढ़ाई पूरी करने के बाद अब यह विद्यार्थी अपने देश वापस जा सकेंगे। लविवि के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अफगानिस्तान के छात्रों की पढ़ाई पूरी हो गयी है लेकिन उन्हें वापस जाने पर फैसला नहीं हुआ है। अफगानिस्तान के हालात देखने के बाद आगे का फैसला किया जाएगा।

AMRIT VICHAR PAGE 4

आज से च्वॉइस फीलिंग 25 को सीट आवंटन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 के पहले चरण की काउंसलिंग के क्रम में आगे के कार्यक्रमों को लेकर भी तैयारी शुरू कर दी हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से प्रवेश प्रक्रिया के पहले चरण की काउंसलिंग के बाद 21 से 24 सितंबर तक चॉइस फिलिंग होगी। वही 25 सितंबर को सीट आवंटन होगा। बता दें कि बीएड काउंसलिंग 17 सितंबर से जारी है। पहले चरण की काउंसलिंग में 1 से 75000 रैंक तक के अभ्यर्थी शामिल होंगे। राज्य समन्वयक प्रोफेसर अमिता बाजपेई ने बताया कि काउंसलिंग चार चरणों में कराई जाएगी। काउंसलिंग से संबंधित दिशा निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पहले ही अपलोड कर दिए गए हैं। पंजीकरण शुल्क 750 रुपये है। बीएड प्रवेश कोआर्डिनेटर प्रोफेसर अमिता वाजपेयी ने बताया कि एक से 75000 रैंक तक के अभ्यर्थी 17 से 20 सितंबर तक

JAGRAN CITY PAGE I

बीएड में प्रवेश के लिए आज से चुनें कालेज

काउंसिलिंग के लिए 23 तक होगा पंजीकरण 25 सितंबर को किया जाएगा सीटों का आवंटन

जागरण संवाददाता लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) की ओर से चल रही संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 के पहले चरण की काउंसिलिंग के के लिए अभ्यर्थी 23 सितंबर तक पंजीकरण कर सकेंगे। च्वाइस फिलिंग मंगलवार से 24 सितंबर तक की जा सकेगी। 25 सितंबर को सीट आवंटन होगा। 26 से 29 सितंबर तक सीट कंफर्मेशन के साथ फीस जमा करनी होगी।

बीएड काउंसिलिंग 17 सितंबर से जारी है। पहले चरण की काउंसिलिंग में एक से 75,000 रैंक तक के अभ्यर्थी शामिल होंगे। संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि काउंसिलिंग चार चरणों में कराई जाएगी। पंजीकरण शुल्क 750 रुपये है। दूसरे चरण में 75,001 से दो लाख रैंक तक और पहले चरण के छूटे हुए अभ्यर्थियों के लिए पंजीकरण 25 सितंबर से शुरू होंगे। 26 से 28 सितंबर तक पंजीकरण और च्वाइस फिलिंग होगी। 29 सितंबर को च्वाइस फिलिंग और 30 सितंबर को सीट आवंटन होगा। एक से चार अक्टूबर तक सीट पक्की करके फीस जमा करनी होगी।

22 अक्टूबर से होगी पूल काउंसिलिंग: बीएड की चार चरणों की काउंसिलिंग के बाद खाली सीटों को भरने के लिए पूल काउंसिलिंग कराई जाएगी। इसके लिए पंजीकरण और च्वाइस फिलिंग 22 से 25 अक्टूबर तक होगी। 26 अक्टूबर को सिर्फ च्वाइस फिलिंग और 27 अक्टूबर को सीट आवंटन किया जाएगा। 28 से 30 अक्टूबर तक आवंटन लेटर डाउनलोड किए जा सके।

विदेशी छात्रों को प्रमाणपत्र देने के बाद उनके साथ लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ● सौजन्य : लवि

विदेशी छात्रों को कुलपति ने प्रदान की डिग्री

लखनऊ विश्वविद्यालय के विदेशी छात्रों की पढ़ाई पूरी होने (अंतिम वर्ष/ सेमेस्टर 2021) पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सोमवार को उन्हें डिग्री समेत अन्य पत्रों को प्रदान किया। विदेशी छात्रों में अफगानिस्तान की सैफुल्लाह रहीमी, हंगामा कोहिस्तानी (एमबीए), जिम्बाब्वे की झोमौसा (एमए), लेसाथो की पांतसो काने, इंडोनेशिया की आयु अन्द्रीयनि उनिकिशी, सिंता नोविया, रिजकी अडेलिस, कजाकिस्तान की ओमिना, मोराको की जमाई, नेपाल की कबिता कुमारी साह रहीं।

परीक्षाएं एक अक्टूबर से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय ने सोमवार को अपने विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। परीक्षा पहली अक्टूबर से शुरू होगी और 22 अक्टूबर तक चलेगी। विभाग के डीन प्रोफेसर पीसी सक्सेना ने बताया कि परीक्षा सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। (जासं)